## संपादकीय

# विकास का 'जेवर'

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डे का उ.प्र. के जेवर में शिलान्यास होना सुखद है। यह विकसित होते भारत की जरूरत भी है ताकि देश में वैश्विक सुविधाओं वाले हवाई अड्डे बनें। दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बने करीब छह दशक हो गये हैं और तमाम विस्तार के प्रयासों के बाद अब और गुंजाइश नहीं है। वैसे भी दिल्ली जिस तरह भीड़भाड़ व प्रदूषण के आगोश में आ चुकी है, उसके लिये हवाई यातायात की विकेंद्रीकृत व्यवस्था जरूरी हो गई थी। देश के हवाई यातायात का सत्ताईस प्रतिशत भार वहन करने वाले इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर रोज तेरह सौ के करीब जहाज उतरते हैं। अब जब आने वाले समय में दिल्ली हवाई अड्डे से करीब सत्तर कि.मी. दूर नया हवाई अड्डा बन जायेगा तो न केवल उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि दिल्ली पर वाहनों व प्रदूषण का दबाव भी कम होगा। ऐसे में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उ. प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इसका शिलान्यास क्षेत्र की अन्य विकास परियोजनाओं को भी गति देगा। सही मायनो में अब डबल इंजन वाली योगी सरकार के दौरान राज्य में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों की संख्या पांच तक पहुंच जायेगी। लखनऊ, वाराणसी के बाद कुशीनगर व अयोध्या में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद जेवर का हवाई अड्डा राज्य का पांचवां गहना बनेगा। इस हवाई अड्डे में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के यात्रियों के लिये सुविधा होने से निस्संदेह क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बताया जा रहा है कि पहले चरण में जहां हवाई अड्डे में सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की सेवा की व्यवस्था होगी तो छत्तीस माह बाद पूरा होने पर सात करोड़ लोगों को सुविधा देने में इसे सक्षम बताया जा रहा है। मालवाहक सुविधा व वायुयानों के रखरखाव से जुड़े क्षेत्र में कारोबार व विकास को सही मायनों में गति मिलेगी। निस्संदेह, जेवर हवाई अड्डे जैसी बड़ी योजनाओं के सिरे चढ़ने से न केवल आवागमन की सुविधा का विस्तार होगा बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी ऊंची उड़ान भर सकेगी। बड़ी विकास योजनाएं निस्संदेह रोजगार की नयी श्रृंखला को जन्म देती हैं। इस हवाई अड्डे से आगरा, वाराणसी व अन्य पर्यटक स्थलों तक यात्रियों के पहुंचने के लिये सड़क व रेल सुविधा का विस्तार भी किया जायेगा। वैसे तो इस हवाई अड्डे के निर्माण की घोषणा अर्सा पहले हो गई थी लेकिन भूमि अधिग्रहण से जुड़ी पेचीदगियों के चलते इसमें विलंब हुआ। सरकार ने इस परियोजना के पहले चरण की शुरुआत तो कर दी है लेकिन जरूरी है कि इस योजना के हवन कुंड में अपनी बेशकीमती जमीन सौंपने वाले लोगों को समय रहते न्याय मिले। कहा जा रहा है कि कुछ किसानों को अधिगृहीत भूमि का मुआवजा नहीं मिल पाया है। ऐसा अक्सर होता है कि संवेदनहीन तंत्र और बिचौलियों की दखल के चलते जमीन देने वाले किसान मुआवजे के लिये सरकारी दफ्तरों के चक्क र ही काटते रहते हैं। बहरहाल, महत्वपूर्ण बात यह भी है कि जेवर हवाई अड्डे को मालवाहक विमानों का विस्तृत केंद्र बनाया जायेगा। साथ ही हवाई जहाजों की तकनीकी खामियों के निस्तारण की आधुनिक व्यवस्था भी यहां होगी, जिसके लिये अब तक हमें विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता था। दूसरे, उन विदेशी पर्यटकों को अब राहत मिलेगी जो दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उ.प्र. के पर्यटक स्थलों के लिये यातायात के साधन तलाशते थे। साथ ही तमाम मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा हवाई अड्डे से जुड़े इलाके में अपने संस्थान खोलने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। वैसे सरकार का दावा है कि इससे एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। निस्संदेह, जेवर में मालवाहक विमानों के जरिये माल विपणन केंद्र बनने से उ. प्र. के निकटवर्ती जनपदों मसलन आगरा, अलीगढ़, बुलंदशहर व मेरठ आदि में कारोबारी गतिविधियों को विस्तार मिलेगा। इससे रोजगार के नये अवसर सृजित होने के साथ स्वदेशी उत्पादों के निर्यात में सुविधा बढ़ेगी। सही मायनो में उ.प्र. में राष्ट्रीय राजमार्गों व रेल सुविधाओं के विस्तार के साथ हवाई सुविधा में वृद्धि से राज्य व देश विकास की ओर उन्मुख होगा।

# टीम इंडिया के गेंदबाजों के आगे दीवार बने लाथम और सोमरविल



**कानपुर।** टाम लाथम (35 नाबाद) और विलियम सोमरविल (36 नाबाद) के बीच 75 रन की नाबाद अर्धशतकीय साझीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन जीत के लिये जरूरी 284 रनो का पीछा करते हुये भोजनावकाश तक एक विकेट के नुकसान पर 79 रन बना लिये थे।

ग्रीनपार्क मैदान पर भारत की पहली पारी के जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी 296 रन पर सिमट गयी थी। 49 रन की बढ़त के साथ मेजबान टीम ने अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 234 रन बनाकर पारी समाप्ति की घोषणा की और बाद में रविवार शाम सलामी बल्लेबाज विल यंग (2) का विकेट निकाल कर मेहमान टीम को बैकफुट पर ढकेल दिया था। न्यूजीलैंड ने लंच तक 79 रन बना लिये है हालांकि उसे जीत के लिये अभी भी कम से कम 60 ओवरों में 205 रनों की दरकार है जबकि भारत को मैच को अपने पक्ष में करने के लिये कीवी टीम के नौ विकेट चटकाने है।

यंग का विकेट खोने के बाद नाइट वाच मैन की भूमिका में क्रीज पर आये सोमरविल ने अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया और अंगद की तरह क्रीज पर पांव जमाकर भारतीय गेंदबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की। सुबह के सत्र में गेंदबाज पिच पर व्याप्त नमी का कोई फायदा नहीं उठा सके।

मैच के शुरूआती दौर में असमान्य उछाल ले रही ग्रीनपार्क की अबूझ पिच मैच के पांचवें दिन बेजान नजर आ रही है जिससे तेज गेंदबाजों के साथ साथ स्पिनरों को भी कोई खास मदद नहीं मिल रही है। न्यूजीलैंड की इस साझीदारी को तोड़ने के लिये कप्तान आंजिक्य रहाणे ने अपने सभी पांच नियमित गेंदबाजों का उपयोग किया मगर उन्हे निराशा हाथ लगी। अक्षर पटेल,रविचंद्रन अश्विन और रवीन्द्र जडेजी की स्पिनर तिकड़ी कीवी बल्लेबाजों का कड़ा इम्तिहान ले रही है हालांकि उन्हे अभी भी आज की पहली सफलता का इंतजार है वहीं उमेश यादव और इंशात शर्मा आज कोई खास छाप नहीं छोड़ सके हैं।

# मिस्र को 11-0 से पीटकर जर्मनी क्वार्टरफाइनल में



**भुवनेश्वर ।** जर्मनी ने एकतरफा अंदाज में मिस्त्र को रविवार को 11-0 से पीटकर जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल डी से क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। जर्मनी ने दूसरे क्वार्टर में सबसे ज्यादा पांच गोल दागे। बाकी तीन क्वार्टर में जर्मनी ने दो-दो गोल किये। जर्मनी की जीत में चार खिलाड़ियों ने दो-दो गोलों का योगदान दिया। जर्मनी का क्वार्टरफाइनल में स्पेन के साथ एक दिसम्बर को मुकाबला होगा। एक दिसम्बर को ही अन्य क्वार्टरफाइनल में हॉलैंड और अर्जेंटीना, फ्रांस और मलेशिया तथा भारत और बेल्जियम के बीच मुकाबला होगा।

## शापूरजी पालोनजी की आवासीय इकाई जॉयविले 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी



**नईदिल्ली ।** निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी शापूरजी पालोनजी की आवासीय इकाई जॉयविले अपने नए चरण के तहत 750 नए फ्लैट्स बनाने के लिए करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

कंपनी पुणे, मुंबई और कोलकाता में अपनी तीन आवासीय परियोजनाओं की मांग में वृद्धि को भुनाने के लिए यह निवेश कर रही है। जॉयविले देश में आकांक्षी आवासीय परियोजनाओं को विकसित करने वाला 1,240 करोड़ रुपये का एक प्लेटफार्म है। यह प्लेटफार्म शापूरजी पालोनजी, एडीबी, आईएफसी और एक्टिस ने खड़ा किया है। कंपनी ने अभी तक छह परियोजना शुरू की है।

## सस्ते आयातित खाद्य तेल की वजह से बिनौला, सोयाबीन उद्योग संकट में



**नईदिल्ली।** सस्ते आयातित तेलों के कारण देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में शनिवार को सोयाबीन और बिनौला संयंत्रों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इन संयंत्रों को सस्ते आयात के आगे तेल पेराई महंगी बैठने के कारण घाटे में व्यापार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है

बाजार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन प्लांट वालों को सोयाबीन की पेराई करने में प्रति किलो 5-7 रुपये का नुकसान है। यही हाल बिनौला का भी है। सस्ते आयातित तेलों के आगे ये तेल टिक नहीं पा रहे हैं और इन तेलों का कारोबार घाटे का सौदा बन गया है। किसान नीचे भाव में बिनौला और सोयाबीन बेच नहीं रहे क्योंकि उन्होंने पहले ऊंचे भाव पर अपनी उपज बेची थी। इसकी वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार है। इसी कारण सोयाबीन संयंत्र वालों की मांग के हिसाब से सोयाबीन की उपलब्धता नहीं हो पा रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति के बीच महाराष्ट्र सरकार ने किसानों पर 'स्टॉक लिमिट' (स्टॉक रखने की निश्चित सीमा) को लागू करने से मना कर दिया है। महाराष्ट्र सरकार का कहना है कि देश अपनी खाद्य तेल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगभग 75-80 प्रतिशत आयात पर निर्भर है और आयातित तेलों पर 'स्टॉक लिमिट' लागू नहीं होती, तो ऐसे में किसानों पर ही स्टॉक रखने की सीमा लगाना उनके हित में नहीं होगा।

सूत्रों ने कहा कि किसानों की कम बिक्री करने की वजह से महाराष्ट्र के लातूर में सोयाबीन की जो आवक पहले 75 हजार बोरी की थी वह घटकर लगभग 15,000 बोरी की रह गई है। उन्होंने बताया कि सस्ते आयात की वजह से सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट है।

सूत्रों ने बताया कि सरसों के मामले में मिलों द्वारा अपने स्टॉक बाजार में उतारने की वजह से सरसों तेल-तिलहन के भाव में गिरावट आई है। इसी तरह राजस्थान और गुजरात में मूंगफली की आवक बढ़ने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट आई। सस्ते आयात के कारण बिनौला तेल में गिरावट देखने को मिली।

## पहला टेस्ट : न्यूज़ीलैंड का चौथा विकेट गिरा, रास टेलर पगबाधा आउट, भारत जीत से 6 विकेट दूर

**कानपुर ।** न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन लंच तक भारत के हाथ निराश ही लगी मगर लंच के बाद ही टीम इंडिया के भाग्य ने पलटी खायी। चायकाल तक भारतीय गदबाजों ने न्यूज़ीलैंड के चार बल्लेबाजों को आउट कर दिया। चाय से पहले रविंद्र जडेजा ने न्यूज़ीलैंड को चौथा झटका दे दिया। जडेजा ने रास टेलर को अपने जाल में फंसाया और टेलर पगबाधा आउट हो गये। टेलर के आउट होते ही भारत की जीत के आसार बढ़ गये हैं। वहीं लंच के बाद आते ही उमेश यादव के बाउंसर पर विलियम सोमरविली ने पुल खेला पर पंजाब के स्टार खिलाड़ी शुभमन गिल ने सीमारेखा के पास शानदार कैच लपककर उसे पैवेलियन भेज दिया। उस समय बोर्ड पर 79 का स्कोर था। इसके बाद कप्तान केन विलियमसन क्रीज़ पर आये और टाम लैथम के साथ मिलकर भारतीय गेंदबाजों को पसीना बहाने पर मजबूर कर दिया। अगले करीब 20 ओवर तक भारत को कोई सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद अश्विन की टर्न और नीची रहती गेंद पर लैथम गलती कर बैठे और बाहर जाती गेंद को विकेट पर खेल दिया और बोल्ड हो गये। भारत को 118 रन पर तीसरी सफलता हाथ लगी। न्यूजीलैंड 284 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा है।

## कोरोना के नये वैरिएंट के खतरे के बीच भारत ए का सामना दक्षिण अफ्रीका ए से



**ब्लोमफोंटेन ।** कोरोना वायरस के नये वैरिएंट के खतरे के बीच भारत ए टीम मंगलवार से शुरू हो रहे दूसरे अनधिकृत टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी तो सीनियर टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ना चाहेंगे ।

पहला चार दिवसीय टेस्ट पिछले सप्ताह खराब मौसम के कारण ड्रॉ रहा । इस बीच कोरोना के नये वैरिएंट ओमिक्रोन के कारण कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका से यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इसी वजह से नीदरलैंड ने जोहानिसबर्ग में होने वाले आखिरी दो वनडे नहीं खेलने का फैसला किया । भारत ए टीम हालांकि यहां बायो बबल में रूकी है । मैच दर्शकों के बिना खेले जा रहे हैं और भारत की सीनियर टीम भी नौ दिसंबर को यहां सात सप्ताह के दौरे पर आ रही है ।

हालात बिगड़ने पर हालांकि दौरा रद्द हो सकता है जिसमें तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी20 मैच खेले जाने हैं ।

भारत ए के खिलाड़ियों को हालांकि महामारी के बारे में सोचने की बजाय पूरा फोकस क्रिकेट पर रखना होगा । पहले मैच में बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और अभिमन्यु ईश्वरन ने शतक जमाया जबकि कप्तान प्रियांक पांचाल ने 96 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के 509 (पारी घोषित) के जवाब में चार विकेट पर 308 रन बनाये । आखिरी दिन बारिश के कारण मैच नहीं हो सका ।

सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव ने 48 रन बनाये और वह एक बार फिर अच्छी पारी खेलना चाहेंगे । न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में नहीं चुने गए हनुमा विहारी 25 रन ही बना सके और अब लय हासिल करना चाहेंगे ।

## आज का राशिफल

मेष : आपका आज का दिन मानसिक व्यग्रता से भरा रहेगा। आज भावना के प्रवाह में कुछ अधिक ही बह न जाएं इसका ध्यान रखिएगा।

वृषभः आज आप तन और मन से हलकापन अनुभव करेंगे। आपके उत्साह में वृद्धि होगी। मन भी संवेदनशीलता से भरा रहेगा।

मिथुनः आपके कार्य निर्धारित रुप से संपन्न होंगे। आर्थिक आयोजन में प्रारंभ में कुछ बाधाएं आएंगी, लेकिन बाद में फिर आपके मार्ग खुलते हुए दिखेंगे।

कर्कः मित्रों व स्नेहीजनों के साथ आज का दिन बहुत उल्लासमय वातावरण में आप बिताएंगे। प्रवास या यात्रा की संभावनाएं है।

सिंहः अधिक भावुकता के कारण आपके मन में व्यग्रता रहेगी। स्त्रीवर्ग से आज संभलकर चलिएगा। दलीलबाजी या चर्चा, विवाद से बचिएगा।

कन्याः आज का दिन आनंद-उल्लास में बीतेगा। आज विविध क्षेत्रों में आपको लाभ मिलेगा। इससे स्त्री मित्रों की भूमिका महत्त्वपूर्ण रहेगी। मित्रों के साथ सुंदर, मनोहर स्थल का आयोजन कर पाएंगे।

तुला : आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए अनुकूल वातावरण रहेगा। उच्चाधिकारियों के साथ आप महत्त्वपूर्ण चर्चा करेंगे।

वृश्चिकः नौकरी या व्यावसायिक स्थल पर संभलकर कार्य कीजिएगा। उच्चाधिकारियों के नकारात्मक रवैए के कारण आपको कष्ट हो सकता है।


धनुः आज किसी भी नए कार्य का प्रारंभ न करने के लिए गणेशजी सूचन करते हैं। बीमारी के उपचार का भी प्रारंभ न करिएगा।

मकरः आज आपका दिन शुभ बीतेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में आपका व्यापार विकसित होने की बहुत संभावनाएं हैं। दलाली, कमीशन, ब्याज आदि की आय में वृद्धि होगी।

कुंभः आज का आपका दिन आपके लिए आनंददायी होगा। कार्य में सफलता तथा यश-कीर्ति प्राप्त होगी। परिवारजनों के साथ अच्छी तरह से दिन बीतेगा।

मीनः आज आपकी सृजनशक्ति में अधिक निखार आएगा। कल्पना शक्ति के कारण आज आप साहित्य के विश्व की सैर करेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय बहुत अनुकूल है।

## 83 के बाद कबीर सिंह की एक और फिल्म में दिखेंगे रणवीर सिंह



रणवीर सिंह अपनी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 83 को लेकर लाइम लाइट में हैं। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है। अभी यह फिल्म रिलीज भी नहीं हुई है कि रणवीर के खाते में कबीर की एक और फिल्म जुड़ गई है। कहा जा रहा है कि 83 के निर्माण के दौरान कबीर और रणवीर के बीच बॉन्डिंग बढ़ गई थी। इस दौरान ही फिल्ममेकर ने अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट रणवीर को सुनाई थी।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 83 के बाद कबीर की एक और फिल्म में रणवीर अपने अंदाज से दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। रणवीर और कबीर ने इस संबंध में बातचीत शुरू कर दी है। अगर सबकुछ योजना के मुताबिक रहा तो उनकी इस फिल्म की शूटिंग अगले साल की गर्मियों में शुरू हो जाएगी। सूत्र ने बताया कि अगले साल की शुरुआत में फिल्म की आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

खबरों की मानें तो कबीर लॉकडाउन के दौरान विचार कर रहे थे कि उन्हें आगे क्या करना है। इसी दरमियान उनके दिमाग में छोटे शहर के एक कमजोर तबके के लड़के की कहानी ने जन्म लिया। इसके बाद उन्होंने इसे रणवीर को सुनाया, जिसे उन्होंने पसंद किया। कहा जा रहा है कि अभिनेता रणवीर को स्क्रिप्ट इतनी पसंद आई कि वह इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

सर्कस और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के बाद रणवीर इस फिल्म से जुड़ेंगे।


## राधिका मदान और आयुष मेहरा जियो स्टूडियोज की फिल्म में साथ दिखेंगे



राधिका मदान बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। वह काफी कम समय में दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं। उन्होंने अपनी सुंदरता, अंदाज और अभिनय से इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने की कोशिश की है। हालिया रिलीज हुई सनी कौशल अभिनीत शिद्दत में उन्होंने अपने रोमांटिक अंदाज से जलवा बिखेरा था। अब उनके हाथ जियो स्टूडियोज की एक फिल्म लग गई है, जिसमें वह लोकप्रिय यूट्यूबर व अभिनेता आयुष मेहरा के साथ दिखेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, राधिका और आयुष जियो स्टूडियोज की एक फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म में एक फ्रेश जोड़ी के तौर पर पहली बार राधिका और आयुष दिखेंगे। सूत्र की मानें तो इस प्रोजेक्ट पर अप्रैल में काम शुरू होना था। हालांकि, कुछ वजहों से इस फिल्म पर काम शुरू नहीं हो पाया है। फिलहाल इस फिल्म का आधिकारिक ऐलान नहीं किया है।

## मसाला बेबी पोटैटो



सफर के दौरान अक्सर पूड़ी के साथ आलू भुजिया की सब्जी सर्व की जाती है लेकिन इस बार पूड़ी के साथ मसाला बेबी पोटैटो की सब्जी बनाएं। आपके नहीं साथ बैठे लोगों के मुंह में भी आ जाएगा पानी।

**सामग्री :**

बेबी पोटैटो उबले और छीले हुए- 300 ग्राम, सरसों के दाने- 1 टीस्पून, जीरा- 1 टीस्पून, करी पत्ता- 8-10, साबूत सूखी लाल मिर्च- 4-5, उड़द दाल- 1 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1/2 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, इमली का गूदा- 2टीस्पून, तेल- आवश्यकतानुसार, धनिया सजाने के लिए

**मसाला पाउडर बनाने के लिए-** जीरा- 1 टीस्पून, धनिया के बीज- 2 टीस्पून, साबुत लाल मिर्च- 2-3

**विधि :**


- सबसे पहले साबुत धनिया, जीरा और लाल मिर्च को धीमी आंच पर किसी पैन में भून लें। अब मिक्सी में पीसकर इनका पाउडर बना लें। कड़ाही में तेल गर्म करें। इसमें सरसों के दाने, जीरा, उड़द दाल, करी पत्ता इनके तड़का लें। सबसे बाद में साबुत लाल मिर्च डालना है। इसके बाद बारी है उबले और छीले बेबी पोटैटो यानी आलू डालने की।

- लगे हाथ इसमें हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर और नमक भी डाल दें। एक मिनट तक पकाएं। फिर इसमें इमली का गूदा डालकर मिक्स कर लें। तैयार है आपके मसाला बेबी पोटैटोज़, गार्निशिंग के लिए हरा धनिया डाल दें। पराठे, पूड़ी किसी के भी साथ सर्व कर सकते हैं इसे।

## शब्द सामर्थ्य- 274

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 273 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 274

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.273का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |